दिन – शनिवार दिनांक– 29/08/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

नेपाल–तिब्बत सीमा पर एक और झील के टूटने की घटना के मद्देनजर राज्य सरकार पूरी तरह अलर्ट है। गंडक नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने वाल्मीकिनगर गंडक बराज और सारण तटबंध सहित सभी महत्वपूर्ण तटबंधों की निगरानी और बढ़ा दी है। अधिकारियों को लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं और गंडक नदी के डिस्चार्ज की जानकारी ली जा रही है। संभावित संकट की स्थिति के मद्देनजर वाल्मीकिनगर गंडक बराज के सभी फाटक खोल दिए गए हैं। ताजा जानकारी के अनुसार सुबह आठ बजे से हर दो घंटे पर बराज से पानी छोड़ा जा रहा है। सुबह आठ बजे वाल्मीकिनगर बराज से निन्यानवे हजार क्यूसेक से अधिक पानी का डिस्चार्ज किया गया। जबकि दस बजे एक लाख दो हजार से अधिक क्यूसके पानी छोड़ा गया। दोपहर बारह बजे एक लाख दो हजार एक सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इधर, आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने आज सुबह पश्चिम चंपारण जिले के बैरिया प्रखंड में गंडक नदी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश भी दिये।

———————————————————————

नेपाल और तिब्बत में विनाशकारी बाढ़ से मृतकों की संख्या बढ़कर छह सौ छब्बीस हो गई है। दो हजार से अधिक लोग लापता हैं। लापता लोगों में पनबिजली परियोजनाओं से जुड़े लोग, विदेशी नागरिक, आम नागरिक और सुरक्षा तथा सरकारी कर्मी शामिल हैं। इस बीच, भारत ने बाढ़ प्रभावित नेपाल को मानवीय सहायता तेज कर दी है। मानवीय सहायता सामग्री के साथ तीसरा विमान कल शाम काठमांडू पहुंचा। सहायता सामग्री में पोर्टेबल जनरेटर, खाद्य सामाग्री और जल शोधन की गोलियां शामिल हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने संकट के समय भारत द्वारा दी जा रही सहायता के लिए धन्यवाद दिया है। इधर, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया है कि तीन सौ बीस भारतीय नागरिकों से अभी तक संपर्क नहीं हो पाया है। मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय मूल के करीब सौ अन्य लोगों से भी संपर्क

नहीं हो पाया है। श्री जायसवाल ने नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि नेपाल के त्रिशूली–1 जलविद्युत परियोजना में कार्यरत तिरेसठ भारतीय नागरिकों को प्रभावित क्षेत्र से सुरक्षित निकाल लिया गया है।

———————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के विभिन्न भागों में भारी बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया जिले के मोहरा और अतरी में सबसे अधिक एक सौ अड़तीस दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा हुई है। विभाग ने आज बांका, भागलपुर, गया, कटिहार और नवादा जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, बेगूसराय, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा और रोहतास जिले में कई स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

———————————————————

आज राष्ट्रीय खेल दिवस है। यह दिवस हर वर्ष उनतीस अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लोक सेवक आवास पर आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पैरा खिलाड़ी सोमन राणा और झंडू कुमार को सम्मानित करेंगे। सोमन राणा ने राष्ट्रमंडल खेल में शॉट पुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक और झंडू कुमार ने पैरा पावरलिफ्टिंग में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। दोनों खिलाड़ियों को राज्य सरकार की मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत सरकारी नियुक्ति भी प्रदान की जाएगी।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।